संख्या- 26/2019/944/बयालिस-2019-09(बजट)/2018

प्रेषक,

मो0 इफ्तेखारूद्दीन,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेल,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

खेल अनुभाग **लखनऊ : दिनांक : 26 अप्रैल, 2019**

विषय :- वीर बहादुर सिंह स्पोर्टस कालेज, गोरखपुर में मल्टीजिम भवन के निर्माण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या- जी- 80/नि0स्पो0का0गो0 मल्टीजिम भवन पत्रा0/2018-19, दिनांक 24.04.2019 एवं शासनादेश संख्या- 1159/बयालिस-2018-09(बजट)/2018, दिनांक 26.06.2018 के सन्दर्भ में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि वीर बहादुर सिंह स्पोर्टस कालेज, गोरखपुर में मल्टीजिम भवन के निर्माण कार्य हेतु नामित कार्यदायी संस्था यू0पी0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0 द्वारा गठित आगणन लागत रू0 57.69 लाख के सापेक्ष ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा आंकलित लागत धनराशि रू0 57.19 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा उक्त के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2018-19 के बजट में मद संख्या- 61-वीर बहादुर सिंह स्पोर्टस कालेज गोरखपुर-6106-मल्टीजिम भवन का निर्माण में प्राविधानित धनराशि रू0 42.35 लाख की धनराशि अवमुक्त करने के उपरान्त वित्तीय वर्ष 2019-20 में उपलब्ध अनुमोदित लागत के सापेक्ष अवशेष देय धनराशि रू0 14.84 लाख (रूपया चौदह लाख चौरासी हजार मात्र) अर्थात सम्पूर्ण धनराशि अवमुक्त करने की श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :-

(1) उक्त स्वीकृत धनराशि रू0 रू0 14.84 लाख (रूपया चौदह लाख चौरासी हजार मात्र) निदेशक, खेल द्वारा कोषागार से आहरित करके कार्यदायी संस्था यू0पी0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0 को उपलब्ध करायी जायेगी। उक्त धनराशि की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2019-20 में उपलब्ध बजट के अन्तर्गत दी जा रही है।

(2) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्तपुस्तिका, खण्ड- 6 के अध्याय-12 के प्रस्तर- 318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने के पश्चात कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

(3) कार्य की विशिष्टियां मानक एवं गुणवत्ता की जिम्मेदारी निदेशक, खेल एवं कार्यदायी संस्था की होगी।

(4) प्रायोजना की लागत में टाइम ओवर रन एवं कास्ट ओवर रन न हो अत: इस सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों एवं बजट मैनुअल के प्रस्तर- 212(VII) में दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग- 1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 30 मार्च, 2018 के प्रस्तर- 7 में उल्लिखित परियोजनाओं में टाइम ओवर/रन कास्ट ओवर रन को नियंत्रित करने विषयक वित्त विभाग के शासनादेश दिनांक 21 जून, 2017 में दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

(6) स्वीकृत धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग- 2 के शासनादेश दिनांक 19 अक्टूबर, 2015 में अंकित शर्तो एवं निर्देशों का पूर्णत: अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

(7) निदेशक, खेल द्वारा अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्यो की गुणवत्ता उच्च कोटि की हो तथा समय-समय पर सम्पादित कराये जा रहे निर्माण कार्यो की मानीटरिंग भी करेगें।

(8) प्रश्नगत कार्य हेतु स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्त पुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(9) प्रायोजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यों की द्विरावृत्ति (डुप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से प्रायोजना की स्वीकृति से पूर्व निदेशक, खेल द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

(10) स्वीकृत धनराशि को आहरित कर बैंक/डाकघर/पी0एल0ए0/डिपाजिट खाते में नही रखी जायेगी।

(11) शासनादेश संख्या- 1159/बयालिस-2018-09(बजट)/2018, दिनांक 26.06.2018 में उल्लिखित अन्य शर्ते व प्रतिबन्ध यथावत रहेंगी।

(12) वीर बहादुर सिंह स्पोर्टस कालेज, गोरखपुर में मल्टीजिम भवन के निर्माण कार्य हेतु प्रस्तुत प्राक्कलन में उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग की कुर्सी क्षेत्रफल की दरें लगायी गयी है। प्राक्कलन का परीक्षण करने पर पाया गया कि शासनादेश के आलोक में अलग से लेवर सेस का प्राविधान प्राक्क्लन से हटा दिया गया है।

(13) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग- 1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में दी गयी व्यवस्था/निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- उक्त मद में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2019-20 के अनुदान संख्या-22 के लेखाशीर्षक 4202-शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय-03-

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

खेलकूद तथा युवा सेवा-800-अन्य व्यय-61-वीर बहादुर सिंह स्पोर्टस कालेज गोरखपुर-6106-मल्टीजिम भवन का निर्माण-24-वृहत निर्माण कार्य " के नामे डाला जायेगा।

3- उक्त स्वीकृति वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग- 1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1 /2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019, दिनांक 22 मार्च, 2019 में निहित प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत की जा रही है।

भवदीय,

मो0 इफ्तेखारूद्दीन
अपर मुख्य सचिव।

संख्या- 944(1)/बयालिस-2019 तद्दिनांक :-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार उ0प्र0 (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 प्रयागराज ।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0 प्र0 प्रयागराज ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ ।
4- जिलाधिकारी, गोरखपुर ।
5- प्रधानाचार्य, वीर बहादुर सिंह स्पोर्टस कालेज, गोरखपुर ।
6- सचिव, प्रबन्ध समिति, स्पोर्टस कालेजेज सोसाइटी, लखनऊ ।
7- निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
8- प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0 लखनऊ ।
9- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
10- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-5
11- नियोजन अनुभाग-4
12- गार्ड फाईल/कम्प्यूटर प्रति।

आज्ञा से,

(भूपेन्द्र बहादुर सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in